हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 गरीबी की पहचान नहीं, समृद्धि की मिसाल बनें: केदार

11 उप मुख्यमंत्री ने किरंदुल में 7.19 करोड़ के कार्यों का...




## खबर संक्षेप

### क्रीड़ा परिसरों के रिक्त सीटों पर प्रवेश मिलेगा

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा खिलाड़ियों के लिए क्रीड़ा परिसरों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कक्षा 6 वीं से 12 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं 11 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य हैं वे आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित है। तीन प्रमुख खेल संस्थानों में स्वीकृत सौ-सौ सीटों के विरुद्ध वर्तमान में खाली पड़े पदों को भरा जाना है। इसमें बालक क्रीड़ा परिसर धरमपुरा की 15 सीटें, कन्या क्रीड़ा परिसर धरमपुरा की 21 सीटें और कन्या क्रीड़ा परिसर भानपुरी की 20 सीटें शामिल हैं।

### आईटीआई में मेहमान प्रवक्ताओं की होगी भर्ती

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में विभिन्न व्यवसायों और विषयों में मेहमान प्रवक्ताओं की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 15 जून को अपराह्न 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। 5 पदों पर मेहमान प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जानी है, जिसमें ड्रॉयर कम मैकेनिक, बैम्बू वर्क, वर्कशॉप कैलकुलेशन एंड साइंस इंजीनियरिंग ड्राइंग विषय के पद पर भर्ती होगी।

### जून और जुलाई में लगेंगे दो रोजगार मेले

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दो बड़े रोजगार मेलों का आयोजन कर रहा है। उपसंचालक रोजगार के अनुसार 16 जून से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के पास आड़ावाल स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के परिसर में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। वहीं अगले महीने 7 जुलाई को संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन आड़ावाल स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में किया जाएगा।

### खरीफ सीजन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जगदलपुर।** खरीफ फसल सीजन के मद्देनजर किसानों को उत्तम गुणवत्ता के बीज, उर्वरक और कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित शिकायत निवारण हेतु उपसंचालक कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष द्वारा कृषि आदान सामग्रियों के भंडारण तथा वितरण की निगरानी भी की जाएगी। वहीं खाद और बीज की कालाबाजारी या गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियंत्रण कक्ष में भी सीधे शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### लाखों करोड़ों खर्च पर जलकुंभी है कायम



**जगदलपुर।** नगर निगम बने 2 दशक से अधिक समय हो गया है। उसके पहले नगर पालिका के समय भी रियासतकालिन दलपत सागर को साफ, सुंदर और स्वच्छ बनाने की पहल होती रही। लगभग 30 साल के अंतराल में लाखों करोड़ों केवल जलकुंभी को हटाने के लिए ही खर्च कर दिए गए हैं, लेकिन हालत नहीं सुधर रहे। हरिभूमि ने आज सुबह दलपत सागर के किनारे से धरमपुरा जाने वाले रास्ते पर दलपत सागर का जायजा लिया। जहां अधिकांश हिस्सों में जलकुंभी और कमल के फूल एवं लताएं जल के उपर तैरती दिख रही है। पानी कम और कमल और जलकुंभी का हिस्सा अधिक नजर आता है। वहीं धरमपुरा के अंतिम छोर में जल निकासी के लिए बने पुलिया में भी गंदगी भरी पड़ी है। जल तो प्रदुषित हो रहा है। वहीं जल में नहाने वाले लोग और मवेशी भी त्वचा रोग की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। ठहरा हुआ पानी गंदगी के साथ बीमारी भी उत्पन्न कर शेष पेज 10 पर

# विकास योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास जरूरी : कश्यप

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अपने उद्बोधन में कहा कि क्षेत्र में चार दशक तक माओवाद का दंश झेला है इसके फलस्वरूप क्षेत्र के निवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। और विकास में बाधाएं आई। परन्तु प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नक्सलवाद खात्मे का मार्च 2026 का डेडलाइन दिया गया था। जिसमें हम सफल हुए। इस नक्सली उन्मूलन अभियान में पुलिस के जांबाज जवानों को योगदान था। इसके अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी अपने कार्य कर्तव्य का निर्वहन किया। हमारे प्रधानमंत्री द्वारा 2047 तक विकसित राष्ट्रीय बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नक्सलवाद के समाप्ति के पश्चात संभाग के अंतिम छोर के व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचाने के लिए महती दायित्व का निर्वहन करना पड़ेगा इसके लिए विभागों की जनहितैषी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने पर फोकस करें। क्योंकि जानकारी के अभाव में ग्रामीण जन योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते। सांसद श्री कश्यप ने कहा कि डीएमएफ की राशि को जिले के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में ही सदुपयोग करना सुनिश्चित करें। प्रकृति ने बस्तर को खनिज संपदा एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण शेष पेज 10 पर



**भ्रम फैलाने का काम रूका :** बैठक में सांसद ने आगे कहा कि जल जंगल जमीन की अवधारणा की आड़ में कुछ तत्वों द्वारा भ्रम फैलाने का काम किया जाता है इससे हमे सावधान रहना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अभी बस्तर प्रवास के दौरान गृह मंत्री द्वारा बस्तर को देश का सर्वाधिक विकसित उन्नत संभाग बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी आपसी समन्वय के साथ प्रभावकारी भूमिका निभाएं।

### नक्सलवाद से मुक्ति के बाद विकास तेज

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि जिले के नक्सलवाद से मुक्ति के पश्चात राज्य शासन द्वारा प्राथमिकता से जिले के विकास कार्यों को प्रमुखता दी जा रही है। अतः अधिकारी और जनप्रतिनिधि लाभकारी योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन पर निगरानी रखें। जिन क्षेत्रों में विकास के कार्य विलंब से चल रहे है। उनपर फोकस करते हुए उन्हें समय सीमा में पूर्ण कराने का प्रयास करे। इसके साथ ही उन्होने आगामी नये शैक्षणिक सत्र में शाला भवन एवं उनके शौचालय के मरम्मतीकरण, वर्षा को देखते हुए आंगनबाड़ी भवनों के दुरुस्त करने के संबंध में विभाग प्रमुखों को विशेष निर्देश दिए।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिकजन का हुआ सम्मान

# ईमानदारी और मेहनत साहू समाज की पहचान : साव

**उप मुख्यमंत्री कर्मा महोत्सव में हुए शामिल तैलीय सदन का किया लोकार्पण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किरंदुल में तहसील साहू संघ द्वारा आयोजित कर्मा महोत्सव, नवीन सामाजिक भवन नामकरण एवं लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने सामाजिक पदाधिकारियों के साथ एक करोड़ रुपए की लागत से निर्मित भव्य तैलीय सदन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किरंदुल में छत्तीसगढ़ का सबसे भव्य साहू समाज का भवन बना है। इस भवन का रोज उपयोग हो ऐसी व्यवस्था बनाएं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और मेहनत साहू समाज की ताकत और विशेषता है। हमारी इस पहचान को बनाकर रखना है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि सभी समाजों के साथ साहू समाज का आत्मीय संबंध है। यह सभी के साथ मिलकर चलने वाला समाज है। साहू समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। देश-विदेश में समाज के युवा अनेक क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। भक्त माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलकर हमें समाज को ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने कहा कि साहू समाज का तेल निकालने का पुश्तैनी काम रहा है। हमारे इस पुश्तैनी व्यवसाय को पुनर्स्थापित करना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों को तेल निकालने की मशीन लगाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि तेल निकालने की मशीनों पर सरकार 35 प्रतिशत की सब्सिडी दे रही है। समाज के लोग इसका लाभ लेकर तेल निकालने का उद्यम कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि साहू समाज के लोग किरंदुल में सक्रियता से काम कर रहे हैं। समाज के 300 परिवार यहां रहते हैं। उन्होंने समाज की मांग पर शैक्षणिक कार्य के लिए कमरा बनाने की घोषणा की। इस मौके पर किरंदुल नगर पालिका अध्यक्ष रुबी शैलेन्द्र सिंह, किरंदुल तहसील साहू समाज के अध्यक्ष टीकमचंद साहू और छत्तीसगढ़ साहू समाज के संगठन सचिव ओमप्रकाश साहू ने भी संबोधित किया।





### सम्मानित हुए कलाकार

*कार्यक्रम में उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए लालाराम साहू को समाजरत्न सम्मान दिया गया। माता कर्मा प्रांगण में दीवारों पर कलाकृति बनाने वाले कलाकार कामता राम कोर्राम को भी सम्मानित किया गया। भगवताचार्य यामिनी देवी साहू, लोक गायिका सुश्री आरू साहू, पार्षद विनोद साहू और तहसील साहू समाज के संरक्षक ओम साहू सहित समाज के पदाधिकारी और नागरिक मौजूद थे।*

# घर में डंप 16.62 लाख का मादक पदार्थ गांजा बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ आरोपी ने मकान में प्लास्टिक ड्रम में छुपाकर रखा था, पुलिस की रेड में पकड़ाया

भानपुरी थाना क्षेत्र के केशरपाल गांव स्थित मकान में डंप अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। आरोपी द्वारा बिक्री करने के लिए प्लास्टिक के ड्रम में रखा गया था। पुलिस ने रेड कार्रवाई करते हुए 33.25 किलो गांजा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

घर में गांजा रखने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश तथा एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती व डीएसपी संगम राम के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने एवं प्रभावी रूप से अंकुश लगाने निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी भानपुरी हर्ष कुमार धुरधंर के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली की ग्राम केशरपाल आवासपारा में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने रखा है। गठित टीम द्वारा संदेही व्यक्ति के घर ग्राम केशरपाल आवासपारा पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम किशोर बघेल 36 वर्ष निवासी केशरपाल आवास पारा का होना बताया। घर की तलाशी के दौरान घर के अंदर कमरा में एक नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम के अंदर रखा 33.25 अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 16 लाख 62 हजार 5 सौ रूपए बरामद शेष पेज 10 पर

# हजारों रुपए की अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ फिर पकड़ाया मध्यप्रदेश का अंग्रेजी शराब गोवा व्हिस्की

मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब गोवा व्हिस्की की बिक्री थमने का नाम नहीं ले रहा है। करपावण्ड पुलिस ने हजारों रूपए कीमत की अवैध शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व भी इसी क्षेत्र से आबकारी व पुलिस की टीम ने लाखों रूपए का अग्रेंजी शराब बरामद कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई करने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में एएसपी महेश्वर नाग व एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के मार्गदर्शन कार्रवाई के लिए थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी की ग्राम मंगनार में आरोपी द्वारा मध्यप्रदेश निर्मित अग्रेंजी शराब अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखा गया है। सूचना पर टीम द्वारा रेड कार्रवाई करते हुए ग्राम मंगनार में आरोपी मनसा भारती 22 वर्ष के कब्जे से मध्यप्रदेश निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब गोवा व्हिस्की 88 बोतल कुल 15.640 बल्क लीटर शराब बरामद कर जब्त किया गया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 11 हजार 880 रूपए आंका गया शेष पेज 10 पर



# आठ दिन में सेण्ट्रल जेल में बंद तीसरे बंदी की हुई मौत

**जगदलपुर।** केन्द्रीय जेल जगदलपुर में बंद दो विचाराधीन बंदियों की मौत के बाद रविवार रात एक और सजायाफ्ता बंदी की मौत उपचार के दौरान हो गई। इससे पूर्व 31 मई को हत्या मामले में निरूद्ध महिला बंदी ने जेल में आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद नक्सल मामले में बंद बंदी की 5 जून को उपचार के दौरान मौत हो गई थी। दो बंदियों की मौत के बाद अब 7 जून को एक और बंदी की मौत उपचार के दौरान हो गई। जानकारी के मुताबिक मारडूम थाना क्षेत्र के कर्रेकोट नयापारा निवासी सुधु उर्फ सुधु कश्यप 60 वर्ष को 28 अक्टूबर 2025 को धारा 64 (1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने उसे सश्रम कारावास व जुर्माना से दंडित किया था। जेल में 6 जून की रात बीपी बढ़ने की शिकायत के बाद रात में डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान 7 जून को उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद परिजनों की मौजूदगी मे 8 जून को शव पीएम शेष पेज 10 पर



# पीएमएफएमई योजना से बदली कृष्णदेव की किस्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ अब हर महीने कमा रहे 50-60 हजार रुपए

बस्तर अंचल अब केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं, बल्कि ग्रामीण युवाओं के उद्यमशील सपनों और आत्मनिर्भरता के नए प्रतिमानों के लिए भी जाना जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना यहाँ के ग्रामीण युवाओं और स्थानीय उद्यमियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का एक सबसे मजबूत और विश्वसनीय माध्यम बनकर उभरी है। बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पोटानार निवासी कृष्णदेव मिश्रा इस जमीनी बदलाव की एक ऐसी प्रेरणादायक मिसाल हैं, जिन्होंने न केवल सरकारी योजना का लाभ उठाकर अपना स्वरोजगार स्थापित किया, बल्कि आज पूरे क्षेत्र में एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं।



कृष्णदेव ने बताया कि पिछले वर्ष उन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजनान्तर्गत 15 लाख रुपये की महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता और शासकीय अनुदान प्राप्त हुआ था। इस पूंजी ने उनके व्यावसायिक सपनों को पंख देने का काम किया। उन्होंने इस राशि का सदुपयोग किया और क्षेत्र में एक आधुनिक बेकरी एवं स्वीट्स निर्माण इकाई स्थापित की। आज इस इकाई में विभिन्न प्रकार के बेकरी उत्पाद जैसे ब्रेड, बिस्कुट, केक और पारंपरिक व आधुनिक मिठाइयाँ पूरी स्वच्छता और गुणवत्ता के साथ तैयार की जा रही हैं। एक कुशल रणनीतिकार की तरह कृष्णदेव ने न केवल उत्पादन पर ध्यान दिया, बल्कि बाजार में अपने उत्पादों की पहुंच बनाने के लिए एक मजबूत नेटवर्क भी तैयार किया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा निर्मित शुद्ध और स्वादिष्ट उत्पादों की मांग बस्तर के शेष पेज 10 पर

### ग्रामीण युवाओं के लिए रोल मॉडल बने

बस्तर के सुदूर ग्रामीण अंचल के कृष्णदेव मिश्रा की यह सफलता इस बात का जीवंत उदाहरण है कि यदि सही समय पर सरकार का मार्गदर्शन, वित्तीय सहयोग और युवाओं की दृढ़ इच्छाशक्ति का मेल हो जाए, तो अवसरों की कोई कमी नहीं है। कृष्णदेव आज तोकापाल और आसपास के विकासखंडों के उन सैकड़ों युवाओं के लिए एक रोल मॉडल बन चुके हैं, जो नौकरी की तलाश करने के बजाय स्वयं का रोजगार स्थापित कर जॉब प्रोवाइडर बनने का सपना देखते हैं।

## 55 साल से खेती कर किसानों को बेदखल करने की कोशिश हो रही

# अंतिम निर्णय से पूर्व विवादित भूमि पर पौधारोपण अनुचित : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ कलेक्टर और डीएफओ को ज्ञापन देकर पौधरोपण न करने की गुजारिश की गई

बस्तर जिले के प्रभावित किसानों ने युकां नेता हेमंत कश्यप के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्टर एवं वन मंडलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विवादित वनभूमि पर प्रस्तावित पौधारोपण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि किसान 9 जुलाई 1971 के पूर्व से उक्त भूमि पर खेती-किसानी करते आ रहे हैं। भूमि से संबंधित विभिन्न प्रकरण वर्षों से विचाराधीन है। वन विभाग की सुनवाई वर्ष 2011 में समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद भूमि से जुड़े मामलों का अंतिम निराकरण आज तक नहीं हो पाया है तथा वर्तमान में कुछ प्रकरण पुनः विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि वन अधिकार मान्यता अधिनियम 2006 के तहत समान परिस्थितियों में अनेक किसानों को वन अधिकार पट्टे प्रदान किए जा चुके हैं, जबकि कई पात्र किसानों के दावे आज भी लंबित हैं। ऐसे में अंतिम निर्णय से पूर्व विवादित भूमि पर पौधारोपण कार्य प्रारंभ करना किसानों के अधिकारों को प्रभावित कर सकता है तथा भविष्य में विवाद की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी एवं वनाश्रित परिवार पीढ़ियों से उक्त भूमि पर आश्रित हैं और अपने वैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जब तक लंबित दावों एवं प्रकरणों का अंतिम निराकरण नहीं हो जाता, तब तक प्रशासन एवं वन विभाग को यथास्थिति बनाए रखनी चाहिए। किसानों के दावों और अधिकारों की अनदेखी कर किसी भी प्रकार का पौधारोपण कार्य कराया जाना न्यायसंगत नहीं होगा।



### मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

युकां नेता ने कहा कि किसानों, आदिवासियों एवं वनाश्रित परिवारों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। यदि किसानों की जायज मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो प्रभावित ग्रामीणों के साथ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से जनआंदोलन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास ने बदली मसूराम के परिवार की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम छापर भानपुरी निवासी मसूराम सेठिया के लिए पक्के मकान का सपना कभी दूर की बात लगता था। सीमित आय और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच जीवन यापन कर रहे मसूराम ने कभी नहीं सोचा था कि उनका परिवार भी एक सुरक्षित और सुविधायुक्त घर में रह सकेगा। लेकिन शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके इस सपने को साकार कर दिया है।

करीब एक एकड़ कृषि भूमि पर खरीफ सीजन में धान की खेती और वर्षभर मजदूरी कर अपने छह सदस्यीय परिवार का भरण-पोषण करने वाले मसूराम वर्षों तक कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे। बरसात के दिनों में छत टपकने, दीवारों में सीलन और मौसम की मार झेलने जैसी शेष पेज 10 पर



### परिवार को सुरक्षा, सम्मान बेहतर भविष्य का भरोसा

मसूराम सेठिया का मानना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने न केवल उन्हें पक्का घर दिया है, बल्कि उनके परिवार को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का भरोसा भी दिया है। वे शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि इस योजना ने उनके जैसे अनेक ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

## खबर संक्षेप



### एकलव्य विद्यालयों की जिला स्तरीय समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी सत्र की तैयारियों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को नए शैक्षणिक सत्र के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में विद्यालयों के प्रयोगशाला कक्षों के सुव्यवस्थित संचालन, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर बल दिया।

### दिव्यांग बंजारे को मिली मोटराइज्ड ट्राइसिकल



**केशकाल।** विकासखंड के ग्राम गारका निवासी दिव्यांग अरूण बंजारे को समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राइसाकिल प्रदान की गई, जिससे आत्मनिर्भरता की राह आसान हुई है। सोमवार को जिला कार्यालय में कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना की उपस्थिति में उन्हें यह सहायक उपकरण उपलब्ध कराई गई। श्री बंजारे को हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा कोण्डागांव स्थित गारमेंट फैक्ट्री में रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है। वे अपने रिश्तेदार के घर आड़काछेपड़ा में रहकर कार्य करेंगे। मोटराइज्ड ट्राइसाकिल मिलने से उन्हें कार्यस्थल तक आवागमन में सुविधा होगी तथा दैनिक गतिविधियों को संचालित करने में भी मदद मिलेगी।

# मोदी सरकार के 12 गौरवशाली वर्षः वनमंत्री ने पद्मश्री मांझी व वरिष्ठ साहित्यकार पाण्डेय से की आत्मीय भेंट

## जनजातीय अंचल के गौरव का किया सम्मान, कश्यप ने गिनाईं ऐतिहासिक उपलब्धियां

एजेंसी ▶▶| नारायणपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 सफल वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत नारायणपुर विधायक एवं वनमंत्री केदार कश्यप ने क्षेत्र के गौरव, पद्मश्री सम्मानित वैद्यराज हेमचंद मांझी एवं वरिष्ठ साहित्यकार शिवकुमार पाण्डेय से उनके निवास पहुंचकर आत्मीय भेंट-मुलाकात की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने दोनों सम्मानित व्यक्तित्वों का शाल, श्रीफल एवं पौधा भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल पर्यावरण संरक्षण का अभियान नहीं, बल्कि मां के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, सुशासन, जनजातीय उत्थान, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की मुख्यधारा पहुंचाने का कार्य किया है।



### दोनों समाज की अमूल्य धरोहर

वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा कि पद्मश्री हेमचंद मांझी एवं वरिष्ठ साहित्यकार शिवकुमार पाण्डेय जैसे व्यक्तित्व समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका ज्ञान, अनुभव और समाज के प्रति समर्पण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान क्षेत्र के विकास, सामाजिक सरोकारों, सांस्कृतिक विरासत तथा समसामयिक विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जगदलपुर जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, अध्यक्ष जिला पंचायत नारायण मरकाम, भाजपा जिला महामंत्री संदीप कुमार झा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## वन मंत्री का बड़ा संदेश: बीपीएल कार्ड का मोह छोड़िए

# गरीबी की पहचान नहीं, समृद्धि की मिसाल बनें: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- सरकार लेने वाला नहीं, देने वाला बनाना चाहती है
- सुशासन तिहार में विकास और आत्मनिर्भरता पर जोर

सुशासन तिहार के मंच से वन मंत्री केदार कश्यप ने आत्मनिर्भरता का संदेश देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य लोगों को केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसी स्थिति में पहुंचाना है जहां वे समाज को देने वाले बन सकें। उन्होंने कहा, "गरीबी रेखा कार्ड का मोह छोड़िए। सरकार चाहती है कि आप लाभ लेने वाले नहीं, बल्कि देने वाले बनें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही योजनाएं लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव ला रही हैं।"

ग्राम हलामी मुंजमेटा में आयोजित शिविर में श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य गरीब परिवारों को सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार हर व्यक्ति को अवसर और संसाधन उपलब्ध करा रही है, लेकिन बदलाव के लिए जनता की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है।





इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप ने 6 करोड़ 70 लाख 78 हजार रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें माड़िन नाला पर 4.85 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला उच्चस्तरीय पुल और पहुंच मार्ग, पुलिया निर्माण, सीसी सड़क, नाली, आश्रम भवन उन्नयन, खाद्यान्न भंडारण कक्ष तथा नवीन जिला पशु चिकित्सालय भवन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। श्री कश्यप ने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए लगभग ढाई हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे सड़क, पुल-पुलिया और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने लखपति दीदियों से संवाद कर उनके अनुभव जाने और अधिकारियों को स्कूल भवनों की मरम्मत वर्षा ऋतु से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हलामी मुंजमेटा में यात्री प्रतीक्षालय, मारकाबेड़ा में आंगनबाड़ी केंद्र, करमरी में खेल मैदान, एड़का में साहू समाज भवन, नाऊमुंजमेटा में सीसी सड़क एवं नाली, बाजार स्थल में शेड और हाईमास्ट लाइट, देवगांव में सामाजिक भवन पर शेड तथा फरसगांव-मसपुर मार्ग पर तीन किलोमीटर सड़क निर्माण सहित कई नई सौगातों की घोषणा की।

प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश में अब तक 26 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। हलामी मुंजमेटा क्लस्टर में स्वीकृत 500 आवासों का निर्माण भी जल्द पूरा कराया जाएगा। उन्होंने मारकाबेड़ा में सीसी सड़क एवं पुलिया निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर कलेक्टर नम्रता जैन, एसपी रॉबिंसन गुड़िया सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दिया मांगपत्र

सर्व विभागीय दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी संघ, कोंडागांव द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र बघेल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1998 के बाद नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का आज तक नियमितीकरण नहीं हो पाया है। लगभग 28 वर्षों से सेवा दे रहे अनेक कर्मचारी सेवानिवृत्ति की उम्र के करीब पहुंच चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक स्थायी सेवा का लाभ नहीं मिला है। संघ ने कहा कि विभिन्न सरकारों ने समय–समय पर नियमितीकरण का आश्वासन दिया, लेकिन यह केवल घोषणाओं तक ही सीमित रहा। वर्तमान सरकार ने भी विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान अपने घोषणा पत्र में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा किया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।



### पांच प्रमुख मांगें रखीं

ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने सरकार के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखीं। नियमितीकरण वर्ष 1998 के बाद से कार्यरत सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। श्रम सम्मान राशि शासन के आदेशानुसार सभी विभागों के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को प्रतिमाह 4,000 रुपये श्रम सम्मान राशि प्रदान की जाए। ठेका प्रथा समाप्त हो विभागों में प्रचलित ठेका व्यवस्था को समाप्त कर कर्मचारियों को सीधा रोजगार दिया जाए। सेवा से पृथक कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति बजट के अभाव का हवाला देकर कार्य से पृथक किए गए कर्मचारियों को पुनः उसी पद पर नियुक्त किया जाए। भर्ती में प्राथमिकता विभागों में निकाली जा रही नई भर्तियों में वर्षोंं से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने के बाद ही शेष रिक्त पदों पर भर्ती की जाए।

# अपराध नियंत्रण और त्वरित निराकरण को लेकर एसपी ने दिखाए सख्त तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की विशेष क्राइम मीटिंग

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराधों के प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने शुक्रवार को समस्त पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की विशेष अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि थानों में प्राप्त होने वाली शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को त्वरित न्याय और बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विजिबल पुलिसिंग बढ़ाने, नियमित पेट्रोलिंग करने तथा सीमावर्ती क्षेत्रें में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली और समर्पण पूरे पुलिस विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने सभी अधिकारियों से जनता की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में आगामी कार्ययोजनाओं और कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।



### लंबित अपराधों के लिए चलेगा विशेष अभियान

बैठक के दौरान लंबे समय से लंबित प्रकरणों, समन एवं वारंटों के शीघ्र निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विवेचना की गुणवत्ता सुधारकर न्यायालयों में दोषसिद्धि दर बढ़ाने तथा जिला अभियोजन अधिकारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया। जनता और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए ग्राम स्तर पर चलित थाना लगाने तथा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साइबर अपराध, एटीएम एवं बैंक फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही गई।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान

बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। कॉप ऑफ द मंथ सम्मान, अभिनव उपाध्याय, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, फरसगांव निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव, थाना प्रभारी विश्रामपुरी, एम्पलाई ऑफ द मंथ सम्मान उप निरीक्षक खेमराज जैन, रीडर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रधान आरक्षक कैलाश ठाकुर (140), डीएसबी शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय शामिल रहे।

# भीमा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- जिला नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नियुक्त जिला नोडल अधिकारी अभिषेक गुप्ता ने नगर पंचायत का दौरा कर भीमा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य, एसएलआरएम सेंटर तथा वेस्ट टू वंडर पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भीमा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य के ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएमओ एवं उप अभियंता को प्रतिदिन कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग करने को कहा।

एसएलआरएम सेंटर में उन्होंने स्वच्छता दीदियों से चर्चा कर उनके कार्यों की जानकारी ली। वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के दौरान शत-प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।



अभिषेक गुप्ता ने कोंडागांव जिले के वार्ड नोडलों की बैठक लेकर उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जिले की तीनों नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक लेकर प्रगतिरत विकास कार्यों का जायजा लिया तथा लंबे समय से लंबित निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने और पहली किस्त लेने के बावजूद कार्य शुरू नहीं करने वाले हितग्राहियों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी, उप अभियंता गौरव साव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### वार्ड नोडल प्रभार क्षेत्र में करें भ्रमण

बैठक में वार्ड नोडलों को प्रतिदिन अपने प्रभार वाले वार्ड में भ्रमण कर स्वच्छता जागरूकता, निर्माण कार्यों का निरीक्षण, सोर्स सेग्रीगेशन बढ़ाने, नालियों की सफाई, पथ विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान और वार्डों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधायुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

डाक विभाग की क्षमता विकास कार्यशाला सम्पन्न

# ग्रामीण डाक कर्मचारियों को मिला आधुनिक सेवाओं का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय डाक विभाग, उपसंभाग कोंडागांव द्वारा शनिवार को स्थानीय वन काष्ठागार परिसर में ग्रामीण डाक कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों की कार्य दक्षता बढ़ाना, विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा डिजिटल सेवाओं के विस्तार को गति देना था। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के अधीक्षक डाकघर मोहम्मद नियाजुद्दीन एवं सहायक अधीक्षक सुमन एक्का विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोंडागांव एवं मर्दापाल उपडाकघरों के अंतर्गत कार्यरत ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं, आधुनिक डाक सेवाओं, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक आईपीपीबी की सुविधाओं तथा डिजिटल कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दी गईं। अधिकारियों ने कर्मचारियों को बताया कि बदलते समय के साथ डिजिटल सेवाओं को गांव–गांव तक पहुंचाना डाक विभाग की प्राथमिकता है। अधिकारियों ने कर्मचारियों को बेहतर ग्राहक सेवा, विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति, कार्यकुशलता में वृद्धि तथा जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार–प्रसार के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र में कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई।



### उत्कृष्ट कर्मचारियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। अधिकारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उपसंभागीय निरीक्षक आर.एस. मिश्रा, उपडाकपाल एस.एल. गोटी, आईपीपीबी मैनेजर प्रीतम कुमार गुप्ता सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का समापन विभागीय सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## पेज 9 के शेष

### विकास योजनाओं के....

किया है। इसी के फलस्वरूप हमें डीएमएफ अनुदान की राशि एक वरदान के रूप में प्राप्त हुआ है। परन्तु हमें यह ध्यान रखना होगा कि एक सामुदायिक लाभ के तौर पर इसका वास्तविक उपयोग और जमीनी क्रियान्वयन दिखना भी चाहिए।

ये रहे उपस्थित : बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, पुलिस अधिक्षक गौरव राय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा, वनमंडलाधिकारी रंगानाधा रामाकृष्णा वाय, जिला खनिज न्यास शासी परिषद के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### घर में डंप 16.62 ...

किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख)र्र (ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

इनकी रही अहम भूमिका : गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर गांजा बरामद करने में भानपुरी थाना प्रभारी निरीक्षक हर्ष कुमार धुरंधर के अलावा एसआई शत्रुधन नाग, एएसआई रैनू राम मौर्य, प्रधान आरक्षक किशोर गुप्ता, आरक्षक महेन्द्र शोरी, मनघर कश्यप, गिरधर कुंजाम व महिला आरक्षक राजकुमारी भगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### हजारों रूपए की ....

है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका: त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक शिवानंद सिंह के अलावा एसआई हरिश्चंद्र निषाद, प्रधान आरक्षक रामनाथ भारती, आरक्षक निरंजन महानदी, कैलाश भास्कर. धर्मेन्द्र नेताम व बोहितलाल नाइक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आठ दिन में सेण्ट्रल....

के बाद परिजनों को सौंपा गया। कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। आठ दिन के भीतर जेल में निरूध तीन बंदियों की मौत से हड़कम्प मच गया है। पहली मौत 31 मई को जेल में हुई। चाचा ससूर की हत्या के मामले में निरूद्ध महिला बंदी रयमति बघेल ने जेल के बैरक में ही आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद 4 जून को शौचालय के बैरक में गिरने से गंभीर विचाराधीन बंदी रमेश कुंजाम की डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना के दो दिन बाद 7 जून को एक और सजायाफ्ता बंदी की मौत हो गई। आठ दिन के भीतर तीन बंदियों की मौत से जेल में हड़कम्प मचा हुआ है।

### पीएमएफएमई योजना....

स्थानीय बाजारों में तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में उनके संस्थान से तैयार होने वाले उत्पादों की आपूर्ति स्थानीय व्यवसायियों, किराना दुकानों, चाय-नाश्ते के होटलों और आसपास के साप्ताहिक बाजारों में की जा रही है। इसके साथ ही ग्रामीण अंचल के उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर फ्रेश और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध करवा रहे हैं। कृष्णदेव बताते हैं कि इस उद्यम ने न सिर्फ मुझे अपने पैरों पर खड़ा किया है, बल्कि आज मुझे इस बेकरी व्यवसाय से हर महीने 50 से 60 हजार रुपये तक की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। इस व्यवसाय से होने वाली निरंतर और अच्छी आय की बदौलत उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ हुई है।

### लाखों करोड़ों हो गए....

रहा है। जिसकी चपेट में आकर जलजनित रोग के शिकार लोग और मवेशी हो रहे हैं। महापौर संजय पांडेय ने पिछले दिनों कहा था कि जलकुंभी की सफाई के लिए स्वयं सेवी संस्थाएं राशि खर्च कर रही है। वहीं विशेषज्ञ को भी बुलाकर उनकी सेवाएं लेने की बात कही थी। लेकिन जिस अवस्था में दलपत सागर नजर आ रहा है उससे यह लग रहा है कि सरोवर हमारी धरोहर योजना भी यहां असर नहीं दिखा रही है। पूर्व महापौर किरण देव विधायक हैं। वहीं पार्षद से मेयर बने संजय पांडेय भी सालों से दलपत सागर की स्थिति से वाकिफ हैं। ऐसे में विधायक और महापौर के पावर के पद में रहते हुए भी रियासतकालिन तालाब का हाल नहीं सुधरना समझ से परे है। कम से कम जनता तो इसे देखकर शाबासी का नंबर नहीं देगी।

### प्रधानमंत्री आवास ....

समस्याएं उनके परिवार की दिनचर्या का हिस्सा थीं। ऐसे में पक्का मकान बनवाना उनकी आर्थिक क्षमता से बाहर था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली सहायता से मसूराम का घर अब मजबूत और सुरक्षित बन चुका है। नए घर में रहने के बाद परिवार के सदस्यों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। मसूराम बताते हैं कि अब उन्हें बारिश, आंधी और अन्य मौसम संबंधी परेशानियों की चिंता नहीं रहती। परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित वातावरण में रह रहे हैं, जिससे मानसिक संतोष भी मिला है। योजना का लाभ मिलने के बाद मसूराम ने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अपनी बचत राशि से घर में दो अतिरिक्त कमरे बनाने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि बेटा-बहू और दो नाती परिवार के साथ रहते हैं, इसलिए बढ़ते परिवार के लिए पर्याप्त स्थान होना जरूरी है। अतिरिक्त कमरों के निर्माण से परिवार को और अधिक सुविधा मिलेगी तथा सभी सदस्य आरामदायक जीवन व्यतीत कर सकेंगे।

## कोहकामेटा-सिदावंड रोड की पुरानी मांग को टेकाम ने किया पूरा

# 4.76 करोड़ से बनने वाली सड़क का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज : केशकाल

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने केशकाल के कोहकामेटा ग्राम से मांझीचेर्रा होते हुए सिदावंड तक 4.10 किलोमीटर सड़क निर्माण का भूमिपूजन आज किया। 40 साल पहले बनी इस सड़क पर लगातार ग्रामीण ग्राम डामरीकरण की मांग करते आ रहे थे जिस पर विधायक बनने के बाद नीलकंठ टेकाम ने मांग पूरी की। लगभग 473 लाख की लागत से अब कोहकामेटा प्रधानचेर्रा ग्रामवासियों को नई डामर सड़क मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक नीलकंठ टेकाम की सरपंच ग्राम पंचायत कोहकामेटा रंगीला भेड़िया एवं सिदावंड सरपंच सहित ग्राम के बुजुर्ग नागरिकों ने भी विधायक को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि 40 साल पहले बने यह सड़क जिस पर लगातार डामरीकरण की मांग लोग कर रहे थे विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान मुझसे भी मांग रखी गई थी जिसे मैंने पूरा करने का आश्वासन दिया था। विधायक बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की साय की सरकार के समक्ष यह मांग रखी थी जिसे संवेदनशील विष्णु देव सरकार ने तत्काल पूरा करते हुए लगभग 5 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क को स्वीकृति प्रदान की। अब यह सड़क कोहकामेटा प्रधानचेर्रा एवं सिदावंड के ग्रामवासी को कुछ ही महीने बाद बनकर तैयार मिलेगी।



### ये रहे उपस्थित

भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम,कोहकामेटा की सरपंच रंगीला भेड़िया, सिदावंड सरपंच, एवं कोहकामेटा के सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंच, भाजपा मंडल अध्यक्ष लंबोदर सलाम,वीरेंद्र बघेल, कृष्ण दत्त उपाध्याय,भाजपा कोषाध्यक्ष अजय मिश्रा, भाजपा महामंत्री रोशन सिन्हा एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर, एसपी व वरिष्ठ अधिकारियों ने रोपे पौधे



**बीजापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर विश्वदीप ने नीम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे, वनमंडलाधिकारी डीएफओ डॉ.जाधव सागर रामचंद्र सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

### जिले में ईंधन का स्टॉक समाप्त

**बीजापुर।** जिला मुख्यालय में संचालित पेट्रोल पंपों में से कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन का स्टॉक अस्थायी रूप से समाप्त होने के कारण उनके संचालन में बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में जानकारी प्राप्त होते ही संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों से संपर्क कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिला मुख्यालय में साप्ताहिक बाजार के दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिक विभिन्न कार्यों से आते हैं, जिससे ईंधन की मांग में वृद्धि होती है। ऐसी स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समय पर ईंधन की आपूर्ति बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन की कमी की स्थिति उत्पन्न न हो तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है एवं आवश्यकतानुसार समन्वय स्थापित कर ईंधन आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### समर कैम्प में निखर रही बच्चों की प्रतिभा



**लोहंडीगुड़ा।** बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए पीएम श्री कन्या आश्रम शाला बड़े गोमियापाल समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में स्कूल के बच्चों के साथ-साथ बलवाड़ी के बच्चे भी उत्साह पूर्वक प्रतिदिन आ रहे हैं। आर्ट क्राफ्ट नृत्य संगीत विभिन्न प्रकार की कला शिल्प लोकगीत इसके साथ ही साथ ग्रीन समर कैंप का भी आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच के हाथों एक पेड़ मां के नाम पर स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर इनडोर प्लांट्स के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। समर कैंप का 10 जून तक किया जाएगा।

## निधन

### उमादेवी दास



**जगदलपुर।** पंच पथ ब्राह्मण पारा निवासी उमादेवी दास का 99 वर्ष की अवस्था में आज दोपहर 1 बजे निधन हो गया। संध्या 5 बजे अंतिम यात्रा निवास से खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिजन, उत्कल समाज के लोग और शहरवासी शामिल थे। वह सेवानिवृत्त कर्मचारी लोकनाथ तथा मुरारी एवं जिला न्यायालय के कर्मचारी राकेश और राजेश दास की माता थी। वह 4 पुत्र, 2 पुत्री सहित नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

**विकास :** बस पार्किंग सहित 5.72 करोड़ की अतिरिक्त राशि की घोषणा

# उप मुख्यमंत्री ने किरंदुल में 7.19 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/किरंदुल

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को किरंदुल प्रवास के दौरान नगर पालिका परिषद में 7 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों की उपस्थिति रही।

■ ऑक्सीजोन पार्क स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और मनोरंजन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा

उप मुख्यमंत्री ने 4 करोड़ 14 लाख 85 हजार रुपये की लागत से पूर्ण हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें डीएमएफ मद से विकसित ऑक्सीजोन पार्क तथा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत खरीदी गई बैकहो लोडर मशीन, सक्शन मशीन सह मेला टैंकर, ट्रैक्टर इंजन एवं पानी टैंकर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन संसाधनों से नगर की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने ऑक्सीजोन पार्क की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक पार्क नहीं बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और मनोरंजन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

इसके साथ ही उन्होंने 3 करोड़ 4 लाख 9 हजार रुपये की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें एसडीएमएफ के अंतर्गत वार्ड 6 एवं 8 में नाला निर्माण कार्य, राज्य प्रवर्तित योजना के तहत मुक्तिधाम निर्माण तथा अधोसंरचना मद से विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से नगर की आधारभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा तथा नागरिकों को बेहतर आवागमन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगरपालिका अध्यक्ष दंतेवाड़ा पायल गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष किरंदुल रूबी सिंह , नगरपालिका अध्यक्ष बचेली राजू जायसवाल,वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

#### विधायक ने माना आभार

विधायक चैतराम अटामी ने उप मुख्यमंत्री द्वारा किरन्दुल नगरीय निकाय के अंतर्गत विकास कार्यो की सौगात दिए जाने के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राज्य शासन द्वारा क्षेत्रीय विकास के संदर्भ में प्रतिबद्धता की बात कही।

#### सशक्त हो रहीं महिलाएं

महिलाओं के सशक्तिकरण का उल्लेख करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना की 28वीं किस्त का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश की लाखों माताओं एवं बहनों को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है तथा वे परिवार और समाज में अधिक सशक्त भूमिका निभा रही हैं।

#### नगर विकास में हर संभव मदद

साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिछले दो वर्षों में शासन-प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किरंदुल नगरीय निकाय में 16 करोड़ 43 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत एवं संचालित किए गए हैं। राज्य सरकार नगरों के सुनियोजित विकास के लिए सिटी डेवलपमेंट प्लान के अनुरूप कार्य कर रही है। स्वच्छता, पेयजल, सड़क, अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार निवेश किया जा रहा है, जिससे शहरों को अधिक स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाया जा सके।

#### विकास का संकल्प तेजी से हो रहा साकार

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। इसी उद्देश्य से वे लगातार बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेल एवं युवा कल्याण सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में सड़क, पेयजल एवं शहरी अधोसंरचना के विकास को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है।

#### सुंदर नगरों में से एक किरंदुल

उप मुख्यमंत्री ने किरंदुल की प्राकृतिक सुंदरता की विशेष सराहना करते हुए कहा कि बैलाडीला पर्वतमालाओं की गोद में बसा किरंदुल प्राकृतिक दृष्टि से प्रदेश के सबसे सुंदर नगरों में से एक है। चारों ओर हरियाली, पर्वतीय सौंदर्य और स्वच्छ वातावरण इस नगर को विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखते हुए किरंदुल को एक आदर्श एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार कार्य कर रही है।

#### किरंदुल विकास की ओर अग्रसर

उन्होंने विधायक के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह के नेतृत्व में नगर में संचालित विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किरंदुल निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है तथा शासन नगर के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। वार्ड 10 में बस पार्किंग एवं स्टेज-स्टैंड के पास सीसी रोड तथा विद्युत व्यवस्था के विकास कार्य के लिए 1 करोड़ 58 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विकास कार्यों की मांगों पर सहमति जताते हुए कहा कि 3 करोड़ 72 लाख रुपये के प्रस्तावित विकास कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर हित में जिस कार्य की आवश्यकता होगी, उसके लिए राज्य शासन पूरा सहयोग प्रदान करेगा।

## कांग्रेस कमेटियों के गठन का विस्तार पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम की बैठक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल कर्मा के नेतृत्व में तथा जिला पंचायत सदस्य एवं गीदम ब्लॉक प्रभारी सुलोचना कर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न वार्ड कमेटियों का गठन किया गया तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा एवं निर्णय लिए गए। बैठक में कांग्रेस पार्टी की आगामी गतिविधियों, संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, नए साथियों को संगठन से जोड़ने एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही गीदम नगर एवं ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी गंभीर विचार-विमर्श किया गया।

■ कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे

बैठक को संबोधित करते हुए अनिल कर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज बनकर कार्य करती आई है और आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने गीदम नगर एवं ब्लॉक क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई तथा अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे और उनके समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं एवं सभी वर्गों के लोग कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं, जो संगठन की बढ़ती ताकत का प्रमाण है। संगठन को वार्ड एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने का अभियान लगातार जारी रहेगा तथा आने वाले समय में कांग्रेस और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच कार्य करेगी।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रविश सुराना, सचिव एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि रजत दहिया, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष आसिफ रजा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, जनपद सदस्य मड्डा राम वेक, नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत गीदम सोहन यादव, शोएब रिज़वी, पार्षद मनकू राम, जिला कांग्रेस सचिव अनिल सोनी, जनपद सदस्य श्याम जॉन, मिडिया प्रभारी एवं जिला सचिव कांग्रेस मिडिया सेल ऋषभ सुराना, बारसूर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किरथ अलामी, लखमू राम, सुनील गोलछा, सुरेश लेखामी, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, युवा कांग्रेस जिला महासचिव गौरव गुप्ता, कैलाश सेन, अरुण मंसूरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अब तेल के साथ-साथ खली भी होगी अपनी : दीपिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ शासन के तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने सुकमा सर्किट हाउस में भेंट कर जिले के लोगों को तेलघानी बोर्ड की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान दीपिका शोरी ने सुकमा जिले की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में वनोपज के रूप में टोरा का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है तथा ग्रामीणों द्वारा टोरा तेल का व्यापक उपयोग किया जाता है। तेल निकालने के लिए ग्रामीणों को हाट-बाजारों और तेल मिलों में काफी समय व्यतीत करना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीणों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी पहल की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से तेलघानी बोर्ड द्वारा छोटी तेल निष्कर्षण मशीनें उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनकी लागत लगभग 1 लाख से 2 लाख रुपये तक है। इन मशीनों पर ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। इस योजना का लाभ किसी भी वर्ग के समूह, स्व-सहायता समूह अथवा व्यक्तिगत हितग्राही ले सकते हयह मशीन प्रतिदिन 40 से 50 लीटर तक तेल उत्पादन करने में सक्षम है और इसे स्थापित करने के लिए बड़े स्थान की भी आवश्यकता नहीं होती।

■ तेलघानी बोर्ड की योजनाओं का लाभ सुकमा तक पहुंचाने पर हुई चर्चा

इससे ग्रामीण अपने गांव या घर के समीप ही तेल उत्पादन कर सकेंगे, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। साथ ही तेल निकालने के बाद बचने वाली खली को बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकेगी। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि यह योजना ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। उन्होंने जिले के नागरिकों से शासन की इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने तथा अपने जीवन स्तर में सुधार लाने की अपील की।

## साहू संघ ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू के निर्देश पर में 7 जून को प्रदेशव्यापी पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण अभियान आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत दंतेवाड़ा जिला साहू संघ के अध्यक्ष एवं सभी तहसील साहू संघ गीदम बचेली दंतेवाडा के अध्यक्ष वह पदाधिकारी सामूहिक रूप से वन मंदिर में उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया गया, जिसमें कई तरह के वृक्ष लगाए गए। जिसमें फलदार वृक्ष दशहरी आम, कटहल, आंवला, मूनगा, काजू पीपल, पपीता एवं अन्य कई तरह के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश संगठन संयुक्त सचिव बीना साहू, जिला साहू संघ दंतेवाडा के अध्यक्ष एनआर साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष योगेश साहू ,जिला महिला उपाध्यक्ष अनीता साहू, जिला संगठन सचिव निर्मला साहू,जिला कोषाध्यक्ष भगत राम साहू, जिला संगठन सचिव नारायण लाल साहू दंतेवाड़ा ,तहसील अध्यक्ष वैभव चंदन, बचेली तहसील अध्यक्ष देवेंद्र कुमार साहू व आदि मौजूद थे।

## बुधराम स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित कोर्रा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज धूमधाम से हुआ। शुभारंभ अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं विधानसभा प्रत्याशी रह चुके सोयम मुका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिला मंत्री संजय सोढ़ी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी नरेन्द्र सोढ़ी, भाजपा जिला प्रवक्ता रमेश यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री अनिल मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्र के खेलप्रेमी युवा और मुनगा व धुड़वारास की दोनों टीमों के खिलाड़ी मौजूद थे। अतिथियों ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। भाजपा हमेशा ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देती है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। भाजपा पदाधिकारियों ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान सरपंच पति सहित भाजपा कार्यकर्त्ता, हुर्रा सोडी, बुधरा सोडी, सोमरा सोडी, वार्ड पंच पोज्जा सोडी, मासा सोडी, मोटू सोडी, मीडियम मंगडू सहित ग्रामीणजन मौजद रहें।

#### शपथ पत्र

मैं श्रीमती मनी कुमारी पति श्री गणपति चौधरी, 30 वर्ष, निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड क्र. 21 बहादुरगुड़ा, जगदलपुर, तहसील-जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) निम्न कथन करती हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं व मेरा आधार कार्ड क्र. 6942 1626 5116 है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम मनिषा चौधरी/ MANISHA CHOUDHARY जो कि त्रुटी वश गलत दर्ज हो गया है।
3. यह कि मेरे अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम मनी कुमारी / MANI KUMARI है जो कि मेरी सत्य व सही नाम है।
4. यह कि आधारा कार्ड में सत्य व सही नाम मनी कुमारी / MANI KUMARI दर्ज करवाना हैं।
5. यह कि उक्त नाम परिर्वतन / सुधार की सूचना छत्तीसगढ़ के राज पत्र में प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती


#### शपथ पत्र

मैं श्रीमती सुनैना चौधरी पति श्री सरजे कुमार, 61 वर्ष, निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड क्र. 21 बहादुरगुड़ा, जगदलपुर, तहसील-जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.) निम्न कथन करती हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं व मेरा आधार कार्ड क्र. 9971 8631 6916 है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम सुलेना चौधरी / SULENA CHAUDHARI जो कि त्रुटी वश गलत दर्ज हो गया है।
3. यह कि मेरे अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम सुनैना चौधरी / SUNAINA CHAUDHARY है जो कि मेरी सत्य व सही नाम है।
4. यह कि आधारा कार्ड में सत्य व सही नाम सुनैना चौधरी /SUNAINA CHAUDHARY दर्ज करवाना हैं।
5. यह कि उक्त नाम परिर्वतन / सुधार की सूचना छत्तीसगढ़ के राज पत्र में प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि
श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर
- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा)
एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार
- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर
MAHESHWARI

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्रवण बाधित विद्यालय जावंगा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार विभाग द्वारा संचालित शासकीय श्रवण बाधित बालक एवं बालिका विशेष विद्यालय, जावंगा जिला दन्तेवाड़ा में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षा 1 से 5 तक के 6 से 14 वर्ष आयु के श्रवण बाधित बच्चों को प्रवेश कराने हेतु प्रतिदिन सुबह 9 से अप्राहन 5 बजे तक कार्यालय में उपस्थित हो कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करा सकतें है।

### राजा तिवारी की कांग्रेस में वापसी



**जगदलपुर।** कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित किए गए राजा तिवारी के निलंबन को समाप्त करते हुए कांग्रेस में वापसी का आदेश आज जारी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश, शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की अनुशंसा तथा प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैदू से अनुमोदन प्राप्त कर यह बहाली की गई। शहर महामंत्री अभिषेक नायडु ने बहाली आदेश में संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा की है।
ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष ललिता राव ने राजा तिवारी को कांग्रेस में वापसी कराई। गौरतलब है कि पिछले नगर निगम के चुनाव के दौरान कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर राजा ने बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। उस दौरान सभी बागियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाते निलंबन किया गया था। आज कांग्रेस भवन पहुंचकर उन्होंने सदस्यता प्राप्त की।

### पंचायत सचिवों के 45 पदों पर होगी भर्ती

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत से जारी विज्ञप्ति अनुसार ग्राम पंचायत सचिवों के कुल 45 पदों में अनारक्षित 3 पद, अ.ज.जा 34 पद, अ.जा. 1 पद, अ.पि.व 7 पद की भर्ती हेतु 22 जून सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र आमत्रित किया गया है।

### मुख्यमंत्री विद्यार्थी उत्कर्ष योजना में 12वीं तक मुफ्त शिक्षा

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनांतर्गत कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक राज्य स्तर पर लिखित प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस योजना का मुख्य ध्येय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों के होनहार विद्यार्थियों को राज्य के प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाकर उन्हें उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस योजनांतर्गत चयनित विद्यार्थियों की स्कूल फीस सहित पढ़ाई का संपूर्ण खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा और वे इस योजना के माध्यम से कक्षा 12 वीं तक नियमित रूप से निःशुल्क अध्ययन की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

---

**विकास : उप मुख्यमंत्री ने दिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के कार्य में तेजी लाने के निर्देश**

# गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा कि सुकमा की आगामी 25 वर्षों की जरूरत को ध्यान में रखकर इसका निर्माण किया जा रहा है। निर्माण और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करना है। काम में तेजी बरकरार रखते हुए नियत समय में इसे पूर्ण करना है।

■ सर्किट हाउस की अव्यवस्था पर भड़के साव, अधिकारियों को लगाई फटकार

श्री साव अपने बस्तर प्रवास के चौथे दिन सोमवार को सुकमा में मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत शहर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को मजबूत करने बनाए जा रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने योजना के तहत शबरी नदी पर निर्माणाधीन इंटेक-वेल के कार्यों को भी देखा। उन्होंने पानी टंकी और पाइपलाइन विस्तार के कार्यों को भी तेजी से पूर्ण करते हुए जनवरी-2027 से मिशन अमृत की इस योजना से सुकमा में जल की आपूर्ति प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### 86 करोड़ की लागत से निर्माण

केंद्र सरकार की मिशन अमृत 2.0 के तहत नगर पालिका द्वारा 86 करोड़ की लागत से सुकमा शहर की पेयजल व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसका 54 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा कि सुकमा की आगामी 25 वर्षों की जरूरत को ध्यान में रखकर इसका निर्माण किया जा रहा है। निर्माण और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करना है। काम में तेजी बरकरार रखते हुए नियत समय में इसे पूर्ण करना है।



### कार्य में तेजी लाने के निर्देश

उप मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग द्वारा सुकमा के कुम्हाररास में 11 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों में तेजी लाते हुए अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से दिसम्बर तक इसे पूर्ण करने को कहा। करीब 10 एकड़ में बन रहे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फुटबॉल मैदान, एथलेटिक्स ट्रैक, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, प्रशासनिक भवन, बॉक्स-क्रिकेट, स्वीमिंग-पूल जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसके निर्माण से सुकमा की खेल प्रतिभाओं को अपने कौशल को निखारने एक सर्वसुविधायुक्त अधोसंरचना और सुविधाएं मिलेंगी। अब तक इसका 50 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### जब उप मुख्यमंत्री को आया गुस्सा

वैसे सुकमा जिले में अधिकारी जो कर ले वो कम है। उसी तर्ज पर लोनिवि के अधिकारियों ने लापरवाही कर दी लेकिन लोनिवि के अधिकारी शायद भुल गए थे कि उप मुख्यमंत्री साव अन्य मंत्रियों से अलग है। बताया जाता है कि पूर्व से घोषित कार्यक्रम के तहत श्री साव को जिले के भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ भोजन करना था लेकिन अधिकारियों ने उस स्तर की व्यवस्था न कर हमेशा की तरह काम चलाऊ व्यवस्था कर दी जिस पर उप मुख्यमंत्री ने मौके पर ही लोनिवि के अधिकारियों पर गुस्सा उतारते हुए कहा कि कार्यक्रम को मजाक बना दिया है। इस दौरान मौ पर मौजुद सभी अधिकारी हतप्रद रह गये। उप मुख्यमंत्री का गुस्सा देख कई अधिकारी सहम गये। ज्ञात हो कि सुकमा जिले में लंबे अंतराल के बाद किसी मंत्री के द्वारा अधिकारियों पर सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जाहिर की हो।



### मंत्री के प्रवास की जानकारी पार्षदों को नहीं

मंत्री श्री साव के सुकमा प्रवास को लेकर प्रोटोकाल एक दिन पूर्व ही जारी कर दिया गया था, बावजूद इसके नगरपालिका द्वारा किसी भी पार्षदो को इसकी सूचना तक देना उचित नही समझा गया। जबकि वे नगरीय निकाय के अमृत जल मिशन के कार्यो के निरीक्षण करने आये थे।



## उप मुख्यमंत्री ने बल्लेबाजी कर लगाए शॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नक्सल मुक्त सुकमा की असल तस्वीर अब धरातल पर भी नजर आने लगी है। कभी उन क्षेत्रों से गुजरना किसी चुनौती से कम नही होता था वहां अब मंत्री चौके-छक्के लगा रहे है। ऐसी ही बानगी कोर्रा में देखने को मिली जब उप मुख्यमंत्री सुकमा प्रवास के दौरान क्रिकेट के मैदान में पहुंचकर बल्लेबाजी कर डाली। 31 मार्च के बाद का सुकमा अब अलग कहानी लिख रहा है। कभी दहशत भरे राहो से गुजरना आने वाले खतरों को निमंत्रण देने जैसा होता था अब उन्ही जंगलों के बीच मैदान में युवाओं को क्रिकेट खेलते देख उप मुख्यमंत्री अरुण साव खुद को रोक न सके। उन्होंने गाड़ी रुकवाई, खिलाड़ियों के बीच मैदान में पहुंचे और क्रीज पर जाकर बैट थाम लिया। टूर्नामेंट खेल रहे कुशल गेंदबाजों की गेंदों पर कुछ करारे शॉट भी लगाए। यह बदलते बस्तर की खुशनुमा तस्वीर है।

■ 31 मार्च के बाद का सुकमा अब अलग कहानी लिख रहा

### जब सोयम मुक्का ने की अगवानी

किरंदुल से सुकमा के रास्ते पर यह मुनगा गांव था जहां साव ने मैदान में बल्ला भांजा। सुकमा जिले के ग्राम पंचायत कोर्रा का आश्रित गांव है यह। भाजपा नेता सोयम मुक्का स्वयं चिंगावरम मंत्री जी की अगवानी करने पहुंचे थे इसी बीच मैदान पर चल रहे क्रिकेट के बारे में सोयम मुक्का ने बताया कि यहां 7 जून से क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है जिसमें आसपास के गांवों की 16 टीमों ने भाग लिया है। मैदान के एक छोर पर खिलाड़ियों का झुंड तो दूसरे छोर पर दर्शकों का झुंड था।

### बिन मांगे मिल गया सबकुछ

उप मुख्यमंत्री ने कुछ गेंदे खेलने के बाद पिच पर ही खिलाड़ियों से अपने सहज-सरल अंदाज में बातचीत शुरू की, जिससे इस टूर्नामेंट की जानकारी मिली। उन्होंने खिलाड़ियों के मांगे बिना ही सभी 16 टीमों को क्रिकेट किट देने का वादा किया, जिससे वे पूरे साजो-सामान के साथ अपने खेल का आनंद ले सकें। उप मुख्यमंत्री से चर्चा के बीच खिलाड़ियों ने खेल मैदान की कमी की बात रखी, जिस पर उन्होंने कलेक्टर को निर्देशित कर समुचित व्यवस्था का आश्वासन दिया।

### उप मुख्यमंत्री की सादगी ने जीत लिया दिल : मुक्का

सुकमा जिले की सीमा पर अगवानी करने पहुंचे पूर्व भाजपा प्रत्यासी सोयम मुक्का ने बताया कि इस क्रिकेट टुर्नामेंट का शुभांरभ अवसर पर स्वयं पहुंचे थे और दुसरे दिन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव। मुक्का ने कहा कि श्री साव की सादगी ने सभी का दिन जीत लिया। उन्होने कहा कि जारी प्रोटोकाल में कही पर भी कोर्रा का जिक्र नही था लेकिन उप मुख्यमंत्री जी की पारखी नजर ने सारे प्रोटोकाल को तोड़ खेल के मैदान तक पहुंच खिलाड़ियों का हौंसला अफजाई किया।

---

# डीएमएफ की राशि का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के नवीन दिशा-निर्देशों, वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यों तथा जिले में डीएमएफ निधि से संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि जिला खनिज न्यास निधि खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि डीएमएफ निधि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि तथा पशुपालन सृजन जैसे जनहित के क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष बल देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

सांसद ने जिले को जैविक एवं प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर उत्पादन लागत कम करने तथा उनकी आय बढ़ाने के लिए ठोस पहल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीएमएफ मद अंतर्गत संचालित विकास कार्यों, स्वीकृत योजनाओं एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के नवीन दिशा-निर्देशों से शासी परिषद के सदस्यों को अवगत कराया तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि डीएमएफ निधि का मूल उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, पुलिस अधिक्षक गौरव राय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा, वनमंडलाधिकारी रंगानाधा रामाकृष्णा वाय, जिला खनिज न्यास शासी परिषद के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## सूखे और पुराने खड़े पेड़ को बचाने की पहल...







जगदलपुर। शहर के रियासतकालिन दलपत सागर के धरमपुरा जाने वाले मार्ग पर सूखे और हरे भरे दोनों तरह के पेड़ आने जाने वाले राहगीरों तथा पशु पक्षियों के लिए सहारा बने हुए हैं। विशाल पेड़ों से राहगीरों को ठंडी हवा और छांव मिल रही है। वहीं सूख चूके पेड़ पर सुंदर कलाकृति बनाकर प्रकृति प्रेमी कलाकार सुभाष श्रीवास्तव गुहार शीर्षक देकर लोगों से पौधे लगाने और पेड़ों को बचाने की अपील कर रहे हैं। वहीं पेड़ न कटे इसलिए लाल कपडे लपेटकर रक्षा सूत्र से पर्यावरण की रक्षा के लिए लोगों से भावी पीढ़ी के लिए सचेत होने का संदेश दिया गया है। वहीं इस मार्ग पर कई दफे दलपत सागर में वाहन के समा जाने से हुई जनहानि को देखते हुए रेडियम लगाकर चालकों को कम रफतार में चलने की बात कही गई है। एक तरह से इस मार्ग के पेड़ दिन और रात में गुजरने वालों के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। पर्यावरण दिवस 5 जून को पौधे लगाने की पहल से पूरा हो गया। लेकिन साल भर जो ऑक्सीजन और राहत पेड़ों से मिलती है उसके लिए लोगों को प्रतिदिन न सही लेकिन सप्ताह और महीने में एक बार जरूर पौधों को पानी देने और पेड़ों पर कुल्हाड़ी न चले इसके लिए योगदान जरूर देना चाहिए। छाया : सुरेश रावल

---

# उप मुख्यमंत्री के सामने खुली विकास कार्यों की पोल : जावेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ कांग्रेस प्रवक्ता ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर निष्क्रियता का लगाया आरोप

उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को देख निराश हुए। निर्माण कार्यों की लेट लतीफी, गुणवत्ता विहीन कार्य और अनियमितता को लेकर अधिकारियों और ठेकेदारों पर नाराजगी जाहिर की। जिस पर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जावेद खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा है कि अरुण साव ने सांसद, विधायक, महापौर तथा भाजपा के जनप्रतिनिधियों की सोशल मीडिया पर पोल खोल कर रख दी है। उनकी प्रतिक्रिया बता रही है कि विकास कार्यों को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं। जिसका खामियाजा जनता भुगतने को मजबूर है। उन्होंने कहा यदि स्थानीय जनप्रतिनिधि निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर होते तो आज अरुण साव के हाथ निराशा नहीं लगती बल्कि वे अपने जनप्रतिनिधियों की तारीफ कर बस्तर से लौटते। कांग्रेस नेता ने कहा इंद्रावती नदी पर पुराने पुल की जगह पर निमार्णाधीन नये पुल की स्वीकृति कांग्रेस सरकार के दौरान दी गई थी जिसे 2024 तक बनाकर जनता को समर्पित किया जाना था परंतु आज 2026 तक साय सरकार ने निर्माण कार्य पूरा नहीं किया। वहीं 100 करोड़ खर्च करने के बावजूद भी अमृत जल मिशन से अब तक पानी नहीं आ पाया है, ठेकेदार बदले जा चुके हैं, समय-सीमा बढ़ाई गई पर आज भी योजना अधूरी पड़ी हुई है।

जावेद ने कहा अग्रसेन चौक से पल्ली नाका तक 5 करोड़ की लागत से बन रहे फोर लेन सड़क के आजू-बाजू के पेड़ों को काटने में जो उत्सुकता महापौर ने दिखाई उसका कुछ प्रतिशत उत्साह यदि सड़क निर्माण पर दिखाया होता तो बारिश से पहले ड्रेनेज सिस्टम बन कर तैयार हो गया होता। वहीं उप मुख्यमंत्री की नाराजगी का सामना ना करना पड़ता साथ ही विशाखापट्टनम किरंदुल रेलमार्ग पर निमार्णाधीन ओवरब्रिज भी लेट लतीफी का शिकार बन चुका है। जो दशार्ता है कि सांसद, विधायक, महापौर और भाजपाई जनप्रतिनिधि विकास कार्यों को लेकर अपनी ही सरकार में गंभीर नहीं हैं।

---

**9 मण्डलों में महिला मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी घोषित**

# शहर पूर्वी नगर मण्डल की रेखा सिंह और पश्चिम की माधवी मण्डल बनी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर जिले के नौ मण्डलों में महिला मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी घोषित कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने करपावण्ड, बकावण्ड सरगीपाल, बस्तर, लोहण्डीगुड़ा, दरभा, बास्तानार जगदलपुर पूर्वी व पश्चिमी नगर मण्डल में महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है।

बकावण्ड मण्डल में अध्यक्ष गीता हिकमी, उपाध्यक्ष धनाय भाकड़े, ललिता बघेल, कविता कविराज, महामंत्री तुलसा गोयल व चम्पा बिसाई, मंत्री कामेश्वरी कश्यप, नवलाबाई यादव, कोषाध्यक्ष सुनिता चन्द्राकर व मीडिया प्रभारी पदमाबती बिसाई को बनाया गया है।

करपावण्ड मण्डल में अध्यक्ष फूलमति कश्यप, उपाध्यक्ष भगवती बेसरा, विद्यावती कश्यप, जयंती बाई बघेल, महामंत्री मालती बघेल व उर्मिला कश्यप, मंत्री पदमनी नेताम, दयामनी बघेल, शीला पटेल, कोषाध्यक्ष नीरवती, मीडिया प्रभारी नमिता दीवान, सह मीडिया प्रभारी सोनदई नाग, सोशल मीडिया प्रभारी चन्देला बघेल को नियुक्त किया गया है।

सरगीपाल मण्डल मे अध्यक्ष खेमेश्वरी कश्यप, उपाध्यक्ष नमिता नाग, अंबाली बघेल, नीलेन्द्री कश्यप, महामंत्री सुबरना नेताम व तुलसी भारती, मंत्री पंचमी कश्यप, चन्द्रमनी कश्यप, मालती भारती व कोषाध्यक्ष फूलकुमारी ठाकुर बनाये गये हैं।

बस्तर मण्डल में अध्यक्ष अनिता बघेल, उपाध्यक्ष बसंती कश्यप, बिताय कश्यप, जयंती कश्यप, महामंत्री गजेन्द्री बघेल व उर्मिला कश्यप, मंत्री रामबती कश्यप, आशावती कश्यप, महेश्वरी बघेल, कोषाध्यक्ष कान्ति मौर्य, मीडिया प्रभारी जमुना मौर्य व कार्यालय प्रभारी चम्पावती यादव की नियुक्ति की गई है।

लोहण्डीगुड़ा मण्डल में अध्यक्ष मंगला मुचाकी, उपाध्यक्ष तम्बावती कश्यप, पदमनी कश्यप, रैमती कश्यप, महामंत्री चन्द्रकांती सोनी व सीमा कश्यप, मंत्री दशमी कश्यप, पदमाक्षी पाठी, रमली कश्यप, कोषाध्यक्ष गलेबाई को बनाया गया है।

दरभा मण्डल में अध्यक्ष ललिता कश्यप, उपाध्यक्ष नीलावती कश्यप, तिलोतमा बघेल, कुन्दो कश्यप, महामंत्री दुर्गावती नाग व बिन्दु नाग, मंत्री कमला शार्दुल, ललिता ठाकुर, उजाला सेठिया, कोषाध्यक्ष अनिता सेठिया, सोशल मीडिया प्रभारी संगीता सेठिया, सह सोशल मीडिया प्रभारी शांति नाग व कार्यालय मंत्री जशोदा कर्मा बनाई गयीं हैं।

बास्तानार मण्डल में अध्यक्ष किरण पोयाम, उपाध्यक्ष मालती मण्डावी, सुमन कश्यप, प्रतिभा मण्डावी, महामंत्री जुनको कर्मा व मधु कश्यप, मंत्री मंगईदई करटाम, कुमली बेड़ता, अनिता कश्यप, कोषाध्यक्ष मोटली वेट्टी, मीडिया प्रभारी संतो पोयाम व कार्यालय प्रभारी माधुरी वेको को बनाया गया है।

जगदलपुर पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष रेखा सिंह, उपाध्यक्ष नीलम यादव, सेजमणी बघेल, कमला कश्यप, महामंत्री देवश्री भण्डारी व शोभा राव, मंत्री चिक्किम भारती, रीता राठौर, गीता प्रियतमा नाग, कोषाध्यक्ष गौरी अचिन्त, सोशल मीडिया प्रभारी वंदना बघेल, सह सोशल मीडिया प्रभारी सीता कश्यप व कार्यालय प्रभारी सरिता ठाकुर बने हैं।

जगदलपुर पश्चिमि नगर मण्डल अध्यक्ष माधवी मण्डल, उपाध्यक्ष गंगोत्री चन्द्रवंशी, अनिता भारत, संगीता सिंह, महामंत्री नीलेश्वरी भागवतकर व झरना मोहन्ती, मंत्री कौशल्या क्षत्री, दीपिका गुप्ता, आशा यादव, कोषाध्यक्ष रूकमणी यादव, मीडिया प्रभारी रंजीता पाणिग्राही, सह मीडिया प्रभारी लक्ष्मी साहू, सोशल मीडिया प्रभारी रानी भारद्वाज, सह सोशल मीडिया प्रभारी पार्वती पाटनकर, कार्यालय प्रभारी अनिता दास व सह कार्यालय प्रभारी नीलम कुशवाहा को बनाया गया है।